# दो दिवसीय आगम तप पूजा अनुष्ठान शुरू, तपस्वियों की शोभायात्रा निकाली



बीकानेर में सोमवार को ढड्ढा कोटड़ी में आगम तप की पूजा करते श्रद्धालु।

■ शोभायात्रा में भगवान की पालकी 'खासोजी' आचार्य, मुनि व साध्वीवृंद के साथ बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं, दो बैंड पार्टी व एक शहनाई पार्टी नवकार महामंत्र की धुन बजाते हुए शामिल हुए

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के आचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर, मुनि व साध्वीवृंद के नेतृत्व में सोमवार को गाजे-बाजे के साथ आसानियों के चौक मासखमण तपस्वी रौनक बरड़िया, 13 दिन तपस्वी सुनील लोढा तथा 8 दिन पौषध तपस्वी नमन बरड़िया की शोभायात्रा निकली। तपस्वियों का सुगन महाराज के उपासरे में अभिनंदन किया गया।

ढड्ढा कोटड़ी में आगम तप की पूजा का दो दिवसीय अनुष्ठान शुरू हुआ। मंगलवार को सुबह तपस्वी की शोभायात्रा व शाम तप वंदनावली कार्यक्रम शाम को होगा। सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा व जिनेश्वर युवक परिषद के, अध्यक्ष संदीप मुसरफ ने बताया कि शोभायात्रा में भगवान की पालकी 'खासोजी' आचार्य, मुनि व साध्वीवृंद के साथ बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं, दो बैंड पार्टी व एक शहनाई पार्टी नवकार महामंत्र की धुन बजाते हुए शामिल हुई। तपस्वियों के निवास स्थल व शोभायात्रा के मार्ग पर जगह-जगह आचार्यश्री का वंदन अभिनंदन गंवली सजाकर किया गया।

शोभायात्रा नाहटा चौक के भगवान आदिश्वर, भुजिया बाजार के चिंतामणि जैन मंदिर होते हुए ढड्ढा चौक होते हुए रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे पहुंची। जहां बिना अन्न जल के 51 दिन की तपस्या करने वाले कन्हैयालाल भुगड़ी, श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, जिनेश्वर युवक परिषद के संरक्षक पवन पारख, अध्यक्ष संदीप मुसरफ, मंत्री मनीष नाहटा, महावीर नाहटा, सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के सदस्य सुरेन्द्र खजांची ने तपस्वियों का बहुमान किया। कार्यक्रम में लोहावट के मोहन लाल भंसाली, छोटमल भंसाली, जगदलपुर के निहालचंद बरड़िया, छत्तीसगढ़ के राहुल बोहरा का अभिनंदन किया गया। श्री जिनेश्वर युवक परिषद के सदस्य गौरव सुराणा के 10 दिन की तपस्या की अनुमोदना की गई।

आचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वरजी ने कहा कि बिना अन्न जल के 51 दिन की तपस्या करते हुए दैनिक दिनचर्या स्वयं पूरी करने वाले, नियमित जिनालयों में दर्शन करने वाले कन्हैयालाल भुगड़ी विज्ञान के लिए चुनौती तथा जिन शासन की शोभा है। कठिन आत्मबल, संकल्पबल व देव, गुरु व धर्म के प्रति समर्पण से भुगड़ी सहित रौनक बरड़िया, नमन बरड़िया व सुनील लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने तपस्याएं की। तपस्या की अनुमोदना जितनी की जाए उतनी कम है। बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर ने तप के महत्व को उजागर किया।

आचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वरजी के सानिध्य में 28 जुलाई से 11 सितम्बर 24 तक चले रहे भवोदधितारक शिव सुखकारक 45 आगम तप के समापन पर दो दिवसीय पूजा का अनुष्ठान सोमवार को ढड्ढा कोटड़ी में शुरू हुआ। मुनि-साध्वीवृंद व इंदौर के विधिकारक अरविंद चोरड़िया ने आगमों का पूजन करवाया। पूजन स्थल पर विभिन्न तरह के अन्न से मंडप स्थापित किया गया।

**चैत्य परिपाटी की शोभायात्रा निकाली :** जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक पार्श्वचन्द्र सूरीगच्छ का संवत्सरी पर्व आसानियों के चौक रामपुरिया उपासरे में साध्वी पद्मप्रभा और सुव्रताश्री के सान्निध्य में सामायिक, प्रतिक्रमण, पौषध व विभिन्न तपस्याओं के साथ मनाया गया। जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक पार्श्वचन्द्र सूरीगच्छ के अध्यक्ष रविन्द्र रामपुरिया और मंत्री प्रताप रामपुरिया ने बताया कि श्रावक-श्राविकाओं ने सामूहिक रूप से गाजे बाजे के साथ चैत्य परिपाटी की शोभायात्रा में शामिल होकर बैदों के महावीरजी, भुजिया बाजार के चिंतामणिजी, नाहटा चौक के भगवान आदिश्वरजी तथा आसानियों के चौक के भगवान महावीर स्वामी के मंदिर में दर्शन वंदन किया।

रामपुरिया उपासरे में साध्वी सुव्रताश्री ने कल्पसूत्र के मूल पाठ बारासा सूत्र का वाचन किया। रविन्द्र रामपुरिया ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने पौषध, उपवास, बेला व तेला, अट्ठाई, अक्षयनिधि, समोशरण, भक्तामर व आगम सहित विभिन्न तपस्याएं की। तपस्याओं की अनुमोदना की गई।

## महिला के गले से सोने का ओम तोड़ा

**हनुमानगढ़,**(कासं)। पक्कासारणा गांव में महिला के गले सोने का ओम झपट्टा मारकर तोड़कर ले जाने की घटना के संबंध में सदर पुलिस ने बाइक सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार राकेश (30) पुत्र जगदीश जाट निवासी वार्ड पांच, पक्कासारणा ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसकी माता सरस्वती देवी, चाची व पड़ौस की एक महिला के साथ मंदिर में धोक लगाने गांव बनवाला गई थी।

जब वे धोक लगाकर वापस घर को आ रही थीं तो घर से करीब 200 मीटर दूर पूनम पार्लर के पास एक अज्ञात व्यक्ति उनके पास आया और उसने सरदारों के घरों का पता पूछा।

उसकी माता ने कहा कि यहां इस तरफ तो सरदारों का कोई घर नहीं है। तभी अचानक उक्त व्यक्ति ने उसकी माता के गले में पहना हुआ सोने का ओम झपट्टा मारकर तोड़ लिया और भागकर एक बाइक पर चढ़ गया।

उस बाइक पर दो जने अन्य भी सवार थे। सभी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बीएनएस की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान हैड कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार के सुपुर्द किया है।

गौरतलब है कि दिनदहाड़े हुई इस वारदात की सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसमें एक युवक महिला के गले में पहना ओम झपट्टा मार तोड़कर भागता नजर आ रहा है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपियों की पहचान के प्रयासों में जुटी है।

## सार-समाचार

### माहेश्वरी धर्मशाला में सुविधाएं बढ़ेगी



माहेश्वरी धर्मशाला में सुविधाओं के विस्तार को लेकर प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने बैठक को संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। पीबीएम राजकीय चिकित्सालय के पास स्थित माहेश्वरी धर्मशाला में विकास कार्यों के विस्तार को लेकर सोमवार को प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी की अध्यक्षता में माहेश्वरी धर्मशाला संचालित करने वाली संस्था पदाधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। बैठक के दौरान मरीजों और उनके परिजनों के लिए सुविधा विस्तार को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। धर्मशाला में सोलर पैनल लगवाकर ग्रीन एनर्जी के उपयोग लिया जायेगा। धर्मशाला के 5 कमरे और 5 फ्लैट वातानुकूलित किए जायेंगे। लॉबी में टेलीविजन सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा। फिलहाल धर्मशाला में 113 कमरे है। सभी नॉन एसी है लेट बाथ व किचन अटैच है। धर्मशाला में कुल 17 फ्लैट है। बैठक के दौरान पीबीएम अधीक्षक डॉक्टर पी. के. सैनी मौजूद रहे। बैठक के दौरान माहेश्वरी धर्मशाला संचालन समिति के श्रीगोपाल राठी, गजानंद राठी, हनुमान प्रसाद राठी, कन्हैयालाल तापड़िया, शिवकुमार तापड़िया, कमलेश मोहता, जगदीश राठी, त्रिलोक गहलोत उपस्थित थे।

### आंतरिक ध्यान और सत्संग समारोह




तीन दिवसीय आंतरिक ध्यान और सत्संग को आचार्य ब्रजेश कुमार शर्मा ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीरामाश्रम सत्संग मथुरा उपकेन्द्र बीकानेर की ओर से तीन दिवसीय आंतरिक ध्यान एवं सत्संग समारोह का समापन मंगलवार को होगा। माहेश्वरी भवन विश्वकर्मा गेट के अंदर आयोजित तीन दिवसीय सत्संग समारोह के दूसरे दिन ग्वालियर से आये आचार्य बृजेश कुमार शर्मा ने अपने प्रवचन में कहा कि ज्ञान और मान एक जगह नहीं हो सकते। प्रसंग का उदाहरण देते हुए उन्होंने समझाया कि बिना किसी बात को जानने बजाय स्वीकार कर लेने का अर्थ है कि वहां ज्ञान नहीं है। बिना जाने किसी चीज को मान लेते हैं तो विद्या नहीं हुई। इसी तरह किसी चीज की कामना के साथ हम साधना करते हैं तो उसका कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि मान का चौथा रूप अभिमान होता है और इन विकारों को दूर करने का जरिया गुरू ही होता है। उपकेन्द्र बीकानेर के आचार्य कृष्णकांत पारीक ने बताया कि इस बार 5 साल के अंतराल के बाद बीकानेर में यह सत्संग समारोह आयोजित हो रहा है। जिसमें देशभर से सत्संगी आये हैं और मथुरा टूंडला और जयपुर सहित अन्य स्थानों से आचार्य भी बीकानेर आए।

# खेतों में रात को झुंड में आ रहे सियार, हमले से किसान परेशान

■ आशंकित किसानों ने सुरक्षा के लिए तारबंदी में लगाया करंट

**नोखा,** (कासं)। नोखा उपखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली सियारों का आतंक बढ़ने के बाद खेतों में निवास करने वाले किसानों का जीना दूभर हो गया है। साथ ही सियार द्वारा हमला करने के डर के कारण किसान अपने खेत में फसल की पूरी तरह देखभाल भी नहीं कर पा रहे हैं।

नोखा के रोड़ा, खारा, कूदसू, बंधाला गांवों में इन दिनों जंगली सियारों के झुंड किसानों को परेशान कर ही रहे हैं। साथ ही किसानों में सियार द्वारा हमला करने की अफवाह फैलने के कारण भय का माहौल बना हुआ है। रोड़ा के पूर्व सरपंच मनीराम बिश्नोई ने बताया कि रोड़ा गांव के खेतों की रोही में अनेक स्थानों पर जंगली सियारों के झुंड दिन और रात के समय निकालते हैं जिनके कारण किसानों में उनके द्वारा हमला करने का भय बना हुआ है।

वे खेती भी नहीं कर पा रहे हैं। किसान गुड्डू शर्मा ने बताया कि दो दिन पूर्व रात के समय उसके खेत में सियारों का झुंड आ पहुंचा, जिसके बाद उन्होंने अपने परिवार की मदद से रात के अंधेरे में उनको भगाया।

सुबह जब उसने अपने पड़ौसियों को बुलाया तो जमीन में एक धारदार नाखून वाले जानवर के बड़े पैरों के निशान बने हुए दिखाई दिए। किसान ने बताया कि उसके खेत में इस बार अच्छी फसल हुई है जिसमें बाजरा, ग्वार, तिल के पौधे लगभग 6 से 8 फीट बड़े हो गए हैं। फसल इतनी घनी है कि उसमें तीन फीट आगे जाने के बाद अंदर गया हुआ आदमी दिखाई नहीं देता है। पता नहीं की वहां बैठा कोई सियार या अन्य जानवर कब हमला कर दे। इससे घबराएं वे पूरी तरह से अपने खेत में फसल की देखभाल भी नहीं कर पा रहे हैं। वे अब खेतों की नहीं अपनी ढाणी में भी चारों तरफ करंट लगाकर रात को सो रहे हैं।

रामसिंह रोड़ा, पीठाराम सुथार, जयसुखराम बिश्नोई, ओमप्रकाश, खेता महाराज सहित अन्य किसानों ने वन विभाग और अधिकारियों से जंगली जानवरों का रेस्क्यू करने मांग की है। रामसिंह राजपूत ने बताया कि उनके गांव के आसपास के गांव में इन दिनों रात्रि के समय जंगली सियारों, नील गाय और सुअरों का आतंक बना हुआ है। वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी रामनारायण बिश्नोई ने बताया कि सियार हिंसक जानवर नहीं है।

## 10 दिवसीय गणेश उत्सव

**नोखा,** (कासं)। पब्लिक पार्क के पास सर्राफा बाजार एसोसिएशन द्वारा 10 दिवसीय गणपति जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस बार सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन ने भगवान गणपति की 7 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की है। आयोजन समिति के सदस्य प्रभुदयाल सोनी ने बताया कि व्यापारियों के आपसी सहयोग से लगातार दूसरे वर्ष गणपति स्थापना की गई है। इस अवसर पर 10 दिनों तक भगवान गणेश की सुबह और शाम को विद्वान पंडितों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की जायेगी।

पब्लिक पार्क के पास स्थापित भगवान गणपति की प्रतिमा के दर्शन के लिए सैकड़ों श्रद्धालु पंडाल में पहुंच रहे हैं। गणपति स्थापना स्थल पर दिन भर गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे और भजनों के साथ भक्ति का माहौल बना रहता है। आयोजन समिति के सदस्य नितिन मराठा ने बताया कि अनंत चतुर्दशी के दिन शाम को भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली जायेगी।

# बदहाल गौरव पथ और हाईवे को लेकर प्रदर्शन

■ बाबा रामदेव मेले से पहले रोड सुधारने और सर्विस लाइन बनाने की मांग

**सूरतगढ़,** (कासं)। पुरानी धानमंडी से लेकर इंदिरा सर्किल तक टूटे गौरव पथ, इंदिरा सर्किल से लेकर बाबा रामदेव मंदिर तक जर्जर हो चुकी सड़क को सही कराने तथा सर्किल से सेंट्रल जेल तक फ्लाई ओवर के साथ-साथ नेशनल हाईवे की एक तरफ की सर्विस रोड़ को बनाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने सोमवार शाम को एडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन एडीएम को दिया।

ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, पूर्व विधायक राजेंद्र भादू, नगर अध्यक्ष जयप्रकाश गहलोत और आम आदमी पार्टी के राधेश्याम उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर एडीएम कन्हैयालाल सोनगरा को बताया कि पिछले कई महीनों से सड़क की दुर्दशा को लेकर कांग्रेस पार्टी लगातार आवाज उठा रही है। बाबा रामदेव के लक्खी मेले में लाखों श्रद्धालु दूर दराज के क्षेत्रों से बाबा के दर्शन करने आयेगे। जर्जर सड़क की हालत की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। पैदल आना जाना और वाहन निकालना मुश्किल है। वहीं सर्किल से सेंट्रल जेल तक नेशनल हाईवे की सर्विस रोड़ ही नहीं है। इस कारण एक तरफ के दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क की हालत को जल्द ठीक नहीं करवाया गया तो इंदिरा सर्किल पर धरना देकर जाम किया जायेगा। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू ने अधिकारियों से फोन पर बात करके सड़क की स्थिति से अवगत कराया।

# शतरंज प्रतियोगिता में अन्वेषा व्यास प्रथम

■ राउमावि हर्षों का चौक की छात्रा अन्वेषा व्यास ने 6 राउंड में 6 अंक बनाकर पहला स्थान प्राप्त किया

**बीकानेर,** (कासं)। जिला स्तरीय 68 वीं विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन एनडी मॉर्डन सीनियर सैकण्डरी स्कूल के तत्वावधान में गवरा देवी गेस्ट हाउस में हो रहा है। प्रतियोगिता 12 सितम्बर तक चलेगी।

संचालन समिति के सदस्य मोहर सिंह सलावद ने बताया कि सोमवार को हुए मुकाबलों में छात्रा अंडर 17 में राउमावि हर्षों का चौक की छात्रा अन्वेषा व्यास ने 6 राउंड में 6 अंक बनाकर पहला स्थान प्राप्त किया। इसी शाला की राधिका पुरोहित ने 6 राउंड में 5.5 अंक बनाकर पहले स्थान पर रही। अंडर 17 में दूसरा स्थान दिव्या महात्मा, तीसरा स्थान भाविका सुथार ने प्राप्त किया।

अंडर 19 में दूसरा स्थान सानिया जोशी, तीसरा स्थान तेजस्वी रंगा, चौथा स्थान पूजा दीपक जोरा और पांचवा स्थान युक्ति हर्ष ने प्राप्त किया। 19 वर्ष छात्र वर्ग में मधुर स्वामी, जयनील, राहुल पंचारिया और लोकेश उपाध्याय 4-4 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त में है। 17 वर्ष में विश्वास जोशी, उदय सेठी गौरव आचार्य सहित 8 खिलाड़ी 4 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त में है।

## आशापुरा मंदिर में भंडारा आज से

**बीकानेर,** (कासं)। आशापुरा सेवा समिति बीकानेर और पोकरण ट्रस्ट बीकानेर हर साल की भांति इस साल भी 20 वां भंडारा का आयोजन पोकरण आशापुरा धर्मशाला में किया जायेगा।

गाड़ी को उद्योगपति जगत नारायण कल्ला ने झंडी दिखाकर रवाना किया। भंडारे के संयोजक राजकुमार बिस्सा ने बताया कि 10 से 14 सितम्बर तक चाय पानी और भोजन की व्यवस्था निशुल्क होगी। ये व्यवस्था मां आशापुरा के जाने वाले जातरूओं के लिए होगी।

इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश बिस्सा व कोषाध्यक्ष गिरिराज बिस्सा, सचिव जयकिशन आचार्य व पूर्व अध्यक्ष गोपाल बिस्सा, ट्रस्टी नारायण बिस्सा, राहुल बिस्सा, आनंद बिस्सा, मोरसा पुरोहित, मनमोहन बिस्सा, उत्तम रंगा आदि उपस्थित थे।

# नहरी क्षेत्र में डिग्गी निर्माण के अनुदान में बढ़ोतरी

■ अनुदान देने के लिए लॉटरी के स्थान पर अब पहले आओ पहले पाओ प्रणाली अपनाते हुए किसानों को राहत दी जायेगी

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए नहरी डिग्गी निर्माण के सामान्य और लघु सीमांत कृषक श्रेणी में दी जाने वाले अनुदान राशि में बढ़ोतरी की है। साथ ही डिग्गी, तारबंदी, फॉर्म पौण्ड निर्माण आदि के संबंध में अनुदान हेतु किसानों का चयन लॉटरी व्यवस्था के स्थान पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किए जाने का निर्णय लिया।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को इस संबंध में पत्र लिखकर अनुदान बढ़ाने का आग्रह किया गया था। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना/राज्य योजना के तहत अनुदान राशि सामान्य श्रेणी में 3 लाख से बढ़ाकर 4 लाख तथा सीमांत व लघु कृषक श्रेणी में 3 लाख 40000 से बढ़ाकर 4 लाख 50000 रूपए करने का निर्णय लिया है। अनुदान राशि बढ़ने से किसानों को महंगाई के कारण लागत बढ़ोतरी के कारण हो रही समस्याओं से काफी राहत मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ट्यूबवैल क्षेत्र में भी किसानों को डिग्गी या जल हौज निर्माण के लिए अनुदान राशि देना पुनः प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए किसानों को डेढ़ लाख रूपए का अनुदान दिया जायेगा।

कृषि विभाग द्वारा डिग्गी निर्माण, फार्म पौण्ड, तारबंदी तथा कृषि यंत्रों इत्यादि पर अनुदान देने के लिए लॉटरी के स्थान पर अब पहले आओ पहले पाओ प्रणाली अपनाते हुए किसानों को राहत दी जायेगी। गोदारा ने बताया कि किसानों के हित में यह निर्णय लिया।

# योजनाओं की प्रगति तथा डिग्गी निर्माण व तारबंदी के भुगतान की समीक्षा की



विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने संबोधित किया।

■ किसान कलेवा योजना के तहत स्वीकृत और संचालित कैन्टीन की जानकारी ली

**बीकानेर,** (कासं)। विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित संपर्क पोर्टल पर प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति के बारे में जाना।

उन्होंने खरीफ 2024-25 के तहत बुवाई, उर्वरक लक्ष्य, उपलब्धता और वितरण की स्थिति, विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति तथा डिग्गी निर्माण और तारबंदी के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कृषि विपणन विभाग, मंडी श्रमिक कल्याण योजनाओं का प्रचार-प्रसार करे। मंडी क्षेत्रों में इससे जुड़े पोस्टर, बैनर लगवाएं तथा आगामी बैठक में मंडीवार हमाल और पल्लेदारों की सूचना उपलब्ध करवाएं। उन्होंने किसान कलेवा योजना के तहत स्वीकृत और संचालित कैन्टीन की जानकारी ली। इनके माध्यम से लाभान्वित किसानों की जानकारी आगामी बैठक में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुर्वेद विभाग द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की सुविधाओं के बारे में जाना। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लक्ष्य की तुलना में काम स्वीकृतियां जारी करने को गंभीरता से लिया और इनमें गति लाने के निर्देश दिए।

जिला परिषद के सीईओ ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उड़ान योजना के तहत वितरित सैनेट्री नैपकिन पैड की जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। कालीबाई भील स्कूटी योजना में स्वीकृति के बावजूद स्कूटी प्राप्त करने से वंचित रही छात्राओं को शीघ्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

## आज तीन घंटे बिजली गुल रहेगी

**बीकानेर,** (कासं)। दीपावली रख-रखाव कार्य के लिए मंगलवार 10 सितम्बर को प्रात 07 से 10 बजे तक बिजली गुल रहेगी।

सोनगिरी कुआं, पारीक चौक, डागा चौक, पाबूबारी के अन्दर, जस्सूसर गेट अंदर-बाहर, सीताराम गेट के बाहर, विश्वकर्मा गेट के बाहर, देवी सिंह भाटी चौराहा, नाईयों का मौहल्ला, चूना भट्टा, कालू मोदी बाड़ा, प्रताप बस्ती कबस्तिान, चौखूंटी पुलिया, सुभाष रोड, एम. आर. होटल, 10 न. स्कूल, मघाराम कॉलोनी, चैननाथ धुना, कोठारी हॉस्पिटल, रांकावत भवन, पूगल बस स्टैंड, पंडित धर्म कांटा, प्रताप बस्ती, 5 न. ट्यूबवैल, कसाईबारी, बिन्नाणी चौक, सोनगिरी कुआं, दाउजी मन्दिर रोड, चूनगरों का मौहल्ला, जोशीवाडा, दो पीर, सिपाईयों का मौहल्ला, बांठियों का चौक, आसानियों का चौक, तेलीवाड़ा, चुनगरों का मौहल्ला, सिक्कों का मौहल्ला, रामपुरिया कॉलेज, बख्तावरों का कुआं, मीट मार्केट का क्षेत्रों में बिजली गुल रहेगी।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/3867 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 6.9.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जुगनू पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह निवासी आरएसएच-06, सैक्टर 16, रिद्धि-सिद्धि-2, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 4 के किला नं. 18 में माप 25 इंट 60 फीट भू.सं. आरएसएच-06, रिद्धि-सिद्धि सैक्टर-16, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 10752 दिनांक 3.2.2021 को श्रीमती किरण गर्ग पत्नी श्री आनंद प्रकाश गर्ग के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री जुगनू पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 28.1.2022 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री जुगनू पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह निवासी आरएसएच-06, सैक्टर 16, रिद्धि-सिद्धि-2, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/646 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-जिप्सम, 02, गाँधी नगर, स्कीम, बीकानेर- 334001
फोन नं. : 0151-2200171-73, फैक्स : 0151-2523519
**निविदा सूचना** दिनांक :- 06/09/2024

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| आर.एस.एम.एम.एल / प्रशा.10(25) / 2024-324, दिनांक 05.09.2024 UBN : MML2425WSOB00114 | आर.एस.एम.एम.एल., एस.बी.यू एण्ड पी.सी. (जिप्सम), बीकानेर कार्यालय भवन में बिजली से संबधित कार्य हेतु। अनुबन्ध राशि रू.-03.60 / - लाख, निविदा शुल्क रू. 590 / - |

विस्तृत जानकारी हेतु विभाग की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov.in और अथवा वरिष्ठ प्रबन्धक (का.एवं प्रशा.) जिप्सम, बीकानेर से सम्पर्क कर सकते है।
राज.संवाद/सी/24/4898 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक / निर्माण / 2024-25 / 12554 दिनांक 06.09.2024
**ई- निविदा-सूचना सं0 35/2024-25**
नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत :-148.30 लाख
UBN Number :- DLB2425WSOB07673
राज.संवाद / सी / 24 / 4935 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक / निर्माण / 2024-25 / 12670-73 दिनांक 06.09.2024
**ई- निविदा-सूचना सं0 31/2024-25**
नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत :-36.05 लाख
UBN Number :- DLB2425WSOB07696
राज.संवाद / सी / 24 / 4928 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक :- निर्माण/2024-25/12562 दिनांक :- 06/09/2024
**ई - निविदा-सूचना सं0 37/2024-25**
नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.sppp.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा की कुल लागत :- 20.15 लाख
UBN Number :- DLB2425WSOB07677
राज.संवाद/सी/24/4908 आयुक्त, नगर निगम, बीकानेर